हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# मेस में खाना खाने के बाद फूड पॉइजनिंग की शिकायत, 7 खिलाड़ी अस्पताल में भर्ती

## केरल टीम की अंडर 14 बालिका टीम के खिलाड़ी बीमार, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिग्विजय स्टेडियम में खेली गई 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता अव्यवस्थाओं से भरी रही। प्रतियोगिता में मापदंड अनुसार खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था सहित अन्य मामलों में आयोजन समिति पर अव्यवस्था के आरोप लगे। हरियाणा और केरल के खिलाड़ियों के बीच मारपीट का मामला मेडिकल कॉलेज अस्पताल तक पहुंच गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर फूड पॉइजनिंग के चलते केरल के खिलाड़ियों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शहर के दिग्विजय स्टेडियम के बास्केटबॉल मैदान में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में केरल की टीम भी शामिल हुई थी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शुक्रवार सुबह से ही केरल की 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को दस्त, तेज बुखार और पेट दर्द की शिकायत शुरू हो गई। वहीं खिलाड़ी कमजोरी महसूस करने लगे। इसी दौरान टीम के मैनेजर और कोच ने उन्हें सुबह लगभग 9 बजे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

**मेस से बाहर भी खाने की संभावना :** बताया जा रहा है कि बच्चों ने मेस में रात के वक्त गोभी की सब्जी, पूरी, दाल का सेवन किया था। इससे पहले स्टेडियम से बाहर कुछ बच्चे चार्ट, गुपचुप, मोमोस के ठेलों पर भी गए थे। बच्चों की तबीयत बिगड़ने के पीछे वातावरण को लेकर भी संभावना जताई जा रही है।

### देखरेख की व्यवस्था ढीली

प्रदेश के अलग-अलग राज्य से पहुंचे खिलाड़ियों की देखरेख व्यवस्था पूरे आयोजन के दौरान ढीली नजर आई। खिलाड़ी मैच से पहले और मैच के बाद स्टेडियम क्षेत्र के आसपास ठेले-खोमचों में फास्ट फूड का सेवन करते रहे। वहीं स्टेडियम परिसर में भी कुछ दुकान लगी हुई थी, जहां आईस्क्रीम से लेकर अन्य खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे थे।

### 7 खिलाड़ी बीमार

जिला चिकित्सालय में अंडर-14 की 6 बालिकाओं और 1 बालक को फूड प्वाइजनिंग की शिकायत हुई थी। इसके बाद उन्हें यहां ग्लूकोज का लगाया गया। वहीं ओआरएस के साथ अन्य दवाइयां देकर उपचार किया गया। इस दौरान सभी खिलाड़ी खतरे से बाहर बताए गए।



### आयोजन समिति में हड़कंप

संक्रमित भोजन से बीमार होने की शिकायत पर आयोजन समिति में भी हड़कंप मच गया। आयोजन समिति के कुछ लोग भी जिला चिकित्सालय में खिलाड़ियों का हाल जानने पहुंचे।

### बच्चों को दिया नारियल पानी

बच्चों की तबीयत कैसी बिगड़ी, इसको लेकर अस्पताल में मौजूद टीम के कोच और मैनेजर कुछ भी बता नहीं पाए। दोपहर बाद उपचारार्थ खिलाड़ियों को नारियल पानी और केला दिया गया।

---

## आरोपी से 20 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में धरपकड़ अभियान के तहत चिखली चौकी पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी युवक से 20 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। जिले में अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में 21 नवंबर को पुख्ता सूचना के आधार पर अवैध शराब बिक्री हेतु ले जाते आरोपी दीपक देशलहरे 35 साल साकिन डुमरडीहखुर्द के कब्जे से 20 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 2600 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक सिन्धु सिन्हा, कमल साहू एवं चौकी चिखली स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**माय एंगल**




---

## मिलर्स ने परिवहन से किया इंकार, खरीदी प्रक्रिया होगी प्रभावित

# धान परिवहन नहीं होने से जाम के हालात, केंद्रों में बारदाने का भी संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी की प्रक्रिया फिर एक बार प्रभावित होने की स्थिति में आ गई है। पहले समिति प्रबंधकों की हड़ताल की वजह से तैयारियों पर प्रभाव पड़ा और अब जब खरीदी शुरू होने के 10 दिन बाद मिलर्स के असहयोग आंदोलन की वजह से खरीदी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

सरकार द्वारा मिलिंग एवं भाड़ा दर पर की गई कटौती के खिलाफ मिलर्स ने परिवहन करने से इंकार कर दिया है। ऐसे में जिले के लगभग उपार्जन केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। अगले 3 से 5 दिनों में परिवहन नहीं हुआ तो नई खरीदी करना संभव नजर नहीं आ रहा है। इसके अलावा दूसरा संकट खरीदी के लिए बारदाने को लेकर भी है। बताया गया कि मिलर्स से जिस अनुपात में बारदाना चाहिए उतना नहीं मिल पाया है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि जिले की सभी उपार्जन केंद्रों में फिलहाल खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। दो समस्याओं के अलावा तीसरा मामला टोकन को लेकर है। किसानों को टोकन के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इन सब समस्याओं के चलते धान खरीदी फिर से संकट में नजर आ रही है।



### कुछ केंद्रों में अभी से जाम

धान खरीदी की शुरूआत प्रदेशभर में 14 नवंबर से हो चुकी है। अविभाजित जिले में लगभग 26 हजार किसान अपनी उपज सरकार को बेच चुके हैं। ऐसे में अविभाजित जिले में करीबन दर्जनभर उपार्जन केंद्र ऐसे भी हैं, जहां अभी से ही बंपर आवक होने से बफर लिमिट पार हो गई है। वहीं चार दर्जन से अधिक उपार्जन केंद्रों में अगले 3 से 5 दिनों में खरीदी के लिए जगह शेष नहीं रहेगी। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले में 96, खैरागढ़ में 39 एवं मोहला-मानपुर जिले में 19 केंद्रों के जरिये खरीदी की जा रही है।

### टोकन के लिए भी वेटिंग

परिवहन और बारदाना संकट से जूझ रही धान खरीदी में किसानों को टोकन नहीं मिलने की समस्या भी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन एप से ही अगले 15 दिनों के लिए किसानों ने टोकन ले लिया है। ऐसे में समितियों तक पहुंचकर अपना टोकन लेने के लिए पहुंचने वाले किसानों को 3 दिसंबर के बाद की तारीख ही धान बिक्री के लिए दी जा रही है।

### अब तक 13 लाख क्विंटल खरीदी

अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब तक लगभग 13 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। इनमें राजनांदगांव जिले में 7.80 लाख क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 4.22 लाख एवं मोहला-मानपुर जिले में 1.02 लाख क्विंटल खरीदी पूरी कर ली गई है। जबकि राजनांदगांव जिले में 77 लाख क्विंटल।

### चाहिए 70 लाख बारदाने, अब तक मिले सिर्फ दस फीसदी!

*मिली जानकारी के अनुसार मिलर्स से धान खरीदी के लिए कुल 16 हजार गठान लेना है। प्रशासन द्वारा साढ़े 13 हजार गठान का सत्यापन कार्य किया जा चुका है। वहीं अब तक ढाई हजार गठान बारदाना उपार्जन केंद्रों को दे चुके हैं। मिलर्स धान खरीदी के लिए 50 फीसदी नए और 50 फीसदी पुराने बारदाने उपलब्ध कराते हैं। वहीं सूत्रों की माने तो करीबन 70 लाख बारदाने खरीदी के लिए लगने हैं। जिसमें अब तक 7 लाख के करीब ही बारदाने मिल पाए हैं।*

---

# सड़क हादसे में युवक घायल ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## ब्रेकर बनाने की मांग पर अड़े रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरागढ़ रोड में जा रहे मोपेड सवार को मालवाहक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में मोपेड सवार युवक घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस अधिकारियों की समझाईश के बाद चक्काजाम सामान्य हुआ।



पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर लगभग सवा 2 बजे मोपेड में सवार होकर दो लोग राजनांदगांव की ओर से खैरागढ़ की ओर जा रहे थे। वे ग्राम बोरी के पास एक निजी स्कूल के आगे पहुंचे ही थे कि लापरवाही से भागती अज्ञात मालवाहक ने उन्हें ठोकर मार दिया। बताया गया कि इस ठोकर से मोपेड में सवार प्रेमचंद 32 वर्ष एवं ईश्वरी लाल सड़क पर गिर गए। जिससे प्रेमचंद के सिर पर गंभीर चोंटे आई थी और वह घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

इधर उक्त दुर्घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली, ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिए। ग्रामीणों द्वारा चिखली स्थित शराब दुकान को बंद किए जाने एवं सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की जा रही थी। घटनाक्रम की सूचना होने पर मौके पर पुलिस अधिकारी एवं चिखली पुलिस स्टाफ पहुंचे। यहां चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को समझाईश देने काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों द्वारा अपनी मांग बार-बार दोहराए जाने पर मौके पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। अधिकारियों की समझाईश के बाद ग्रामीण शांत हुए।

### पूर्व में भी हुआ था चक्काजाम

ज्ञात हो कि उक्त मार्ग में पूर्व में भी दुर्घटना हुई थी, जिस पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की थी। उक्त मार्ग में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं से ग्रामीणों एवं आम लोगो में भय व्याप्त होने लगा है। इधर पुलिस आरोपी अज्ञात वाहन चालक की पतासाजी सरगर्मी से कर रही है।

---

## मोबाइल टॉवर से मिला लोकेशन, जम्मू से नाबालिग बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एक नाबालिग को अपने साथ भगा ले जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को जम्मू काश्मीर से गिरफ्तार किया एवं नाबालिग को बरामद किया है।



पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेंदले के नेतृत्व में थाना छुईखदान के अपराध धारा 363 भादवि के प्रकरण में कार्रवाई किया गया। पुलिस ने सायबर सेल केसीजी से प्राप्त मोबाइल टॉवर लोकेशन के आधार पर अपहृता का जम्मू काश्मीर में होने की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम गठित कर टीम को जम्मू काश्मीर रवाना किया। जहां से बमुश्किल हरसंभव प्रयास कर पता तलाश कर नाबालिग लड़की को आरोपी रजत कुमार कश्यप के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी रजत कुमार कश्यप 26 साल साकिन संडेल थाना उरगा जिला कोरबा के विरूद्ध धारा 363, 366, 376(2)(ढ) भादवि, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई व गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस के अभियान में पांच आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 21 नवंबर को अनावेदक तुषार पाल 18 साल साकिन राजीव नगर लखोली, राहुल यादव 22 साल साकिन राजीव नगर लखोली, कृष्णा रजक 26 साल साकिन पावर हाउस कैलाश नगर, राहुल यादव 25 साल साकिन राजीव नगर लखोली और फिरोज खान 23 साल साकिन कंचनबाग को मौके पर धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर 126, 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई कर माननीय कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। पुलिस के अनुसार आगे भी आदतन अपराधी एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



# 107 पद के लिए 42 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वन विभाग द्वारा वन रक्षकों की भर्ती के लिए राजनांदगांव और खैरागढ़ वन मंडल के तहत तीन जिलों में 107 पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न की जानी है। इसके लिए शहर के मोतीपुर खेल मैदान को तैयार किया जा रहा है। यहां चार पालियों में 25 नवंबर से 14 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।

खैरागढ़ और राजनांदगांव वन मंडल में 107 वन रक्षकों की भर्ती के लिए 42 हजार 6 सौ 66 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसके लिए वन विभाग द्वारा ग्राउंड तैयार किया जा रहा है। ग्राउंड में चार इवेंट पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसके लिए तैयारी अंतिम दौर की ओर है।



### तैयारी जारी

वन विभाग द्वारा 25 नवंबर से 14 दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें लगभग 40 हजार प्रतिभागी शामिल होंगे। तैयारी की जा रही है।

**- आयुष जैन**
वन मंडलाधिकारी, राजनांदगांव

### चार इवेंट के लिए मैदान तैयार

भर्ती प्रक्रिया के लिए वन विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से पीटी शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी द्वारा मैदान तैयार किया जा रहा है। वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों को चार मापदंड से गुजरना होगा। इसमें 500 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक शामिल है। इसके लिए मैदान में 200 मीटर दौड़ का ट्रैक, 4 जम्पपीट और 4 गोला फेंक के मैदान तैयार किए गए हैं।

### तीन जिलों के लिए भर्ती

खैरागढ़, राजनांदगांव और मोहला-मानपुर जिले में वन रक्षकों की भर्ती की जानी है। इसके लिए वन विभाग द्वारा राजनांदगांव जिला मुख्यालय में भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। वन विभाग के एसडीओ एवं भर्ती प्रक्रिया के नोडल अधिकारी योगेश साहू ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया 4 पाली में सुबह 6 से 8, 8 से 10, 10 से 12 और दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें दो वन मंडल के लिए अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी।

---

## वायरल की चपेट में आ रहे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, अस्पतालों में भारी भीड़

# तीन दिन की बीमारी का दस दिन तक असर, कफ कोल्ड की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ठंड के मौसम में असर दिखाने वाला कफ कोल्ड सामान्यतः दवा लेने पर तीन दिन में ठीक हो जाता है। इस बार मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से सर्दी-खांसी की परेशानी दस दिन तक अपना असर दिखा रही है। कई मरीजों की समस्या लक्षण आधारित दवा से ठीक नहीं होने पर उन्हें एंटीबायोटिक के साथ स्टेरॉयड भी देना पड़ रहा है। मौसमी वायरस समय के साथ अपना स्वरूप बदलता है। इस बार ज्यादा दिनों तक इसका असर रहने की वजह से रूप में बदलाव की संभावना से चिकित्सक भी इनकार नहीं कर रहे हैं।




कफ- कोल्ड की समस्या पिछले पंद्रह दिन से अपना असर दिखा रही है। आमतौर पर सर्दी-खांसी की समस्या तीन से चार दिन में दवा लेने पर ठीक हो जाती है, मगर इस बार दवा की खुराक दस दिन तक लेनी पड़ रही है। इतना ही नहीं जिन मरीजों को सामान्य दवा के साथ एंटी बायोटिक भी असर नहीं दिखा पा रहा है, उन्हें इलाज के लिए स्टेरॉयड तक देना पड़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बड़े अस्पतालों में इसकी संख्या कम है, मगर स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिक में काफी संख्या में मरीज इस मौसमी बीमारी के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। समस्या खांसी और कफ के साथ गले में इन्फेक्श की भी है। जिसके कारण घरघराहट अथवा दर्द तथा खुजलाहट जैसी समस्या हो रही है।

इधर मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिन बाद तापमान में कुछ वृद्धि देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसर उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, साथ ही वातावरण के मध्य स्तर में नमी का आगमन प्रारंभ हो रहा है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग के एक दो जिलों में शीतलहर जैसी स्थिति बने रहने की सम्भावना है । 26 नवंबर से दक्षिण छत्तीसगढ में न्युनतम तापमान में वृद्धि सम्भावित है ।

### उतार-चढ़ाव तक ज्यादा प्रभाव

डॉक्टरों के मुताबिक अभी मौसम में उतार-चढ़ाव है। जिसका मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल रहा है। आने वाले दिनों में जब ठंड का असर स्थाई हो जाएगा, तब मौसमी बीमारी का प्रभाव कम होगा। हर मौसम में होने वाले बदलाव के दौरान बीमारी की शिकायत बढ़ती है और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले इसका शिकार हो जाते हैं। दवा की खुराक के माध्यम से शारीरिक समस्या को नियंत्रित किया जाता है।

### त्यौहार के बाद असर ज्यादा

चिकित्सकों के अनुसार मौसमी बीमारी की समस्या अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के बाद से अपना असर दिखा रही है। दिवाली के दौरान भारी संख्या में फटाका फूटने के बाद धुंआ और प्रदूषण की वजह से यह समस्या ज्यादा असर दिखा रही है। मौसमी बीमारी के साथ दमा सहित फेफड़े की समस्या से पीड़ित मरीजों पर भी इसका दुष्प्रभाव अधिक नजर आ रहा है।

### असर ज्यादा दिनों तक

डॉक्टरों ने बताया कि सर्दी-खांसी से पीड़ित मरीज अभी ज्यादा प्रभावित दिख रहे हैं। सामान्यतः उन्हें पांच दिनों की खुराक दी जाती है, मगर अभी तीन दिन की अतिरिक्त खुराक देनी पड़ रही है। कफ कोल्ड के साथ गले में इन्फेक्शन की समस्या भी आ रही है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कार्थिक राजा
MS General Surgery
(Ex-Assistant Professor in Department of General Surgery in Shri Lakshmi Narayana Institute of Medical Science, Puducherry)



- दूरबीन द्वारा सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा
- दूरबीन द्वारा मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### मांदर दल ने राजधानी में दिया प्रस्तुति



**कल्लूबंजारी।** बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जनजाति गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में जय लिंगो हुल्की रेला आदिवासी मांदर नृत्य दल आंको ने शानदार रेला नृत्य प्रस्तुत किया। साइंस कॉलेज आडिटोरियम रायपुर में आयोजित महोत्सव में जय लिंगो हुल्की रेला आदिवासी मांदर नृत्य दल आंको के अध्यक्ष अशोक सलामे, संचालक फूलसिंह ताराम के नेतृत्व में आदिवासी मांदर नृत्य दल के कलाकारों ने मादर एवं रेला नृत्य प्रस्तुत कर राजनांदगांव जिले का मान बढ़ाया। मांदर नृत्य दल आंको के दल 31 एवं जय लिंगो मांदर नृत्य दल तरियापारा कटेंगाटोला में 25 कलाकार शामिल थे। लोक कलाकारों को दिनेश कुरेटी, भुनेश्वर नेताम, उदयसिंह कोमरे एवं मनोज सलामे ने बधाई दी है।

### आनंद मेला में छलका उत्साह



**एलबी नगर।** शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ हेमलता गायकवाड के नेतृत्व में आनंद मेला का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने आनंद मेला का शुभारंभ किया। आनंद मेला में छात्र छात्राओं ने विभिन्न खाद्य समाग्री एवं पान स्टाल लगाए। अजय कुमार यादव ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते हुए प्रथम, पल्लवी साहू एवं डोमेश्वरी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रो मनोहर बोकड़े, सूर्यकांत वर्मा, बीआर चंद्रवंशी, सोनल नागवंशी, रीना सलामे, अरुण कुमार साहू, कविता यदु, नम्रता परीक्षा, कामिनी वर्मा, रूपेश, हेमंत कंवर, राजेश चक्रधारी, प्रीति साहू, डीएल यादव, आर कंवर, गौतम रगड़े, मंशाराम चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख का आयोजन



**डोंगरगढ़।** डॉ आंबेडकर आदिवासी रेजिडेंशियल स्कूल में छात्रों का समग्र विकास के तहत राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र परख के तहत मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। परख के तहत मूल्यांकन से संबंधित गतिविधियों को लागू करने के साथ अन्य कार्यों का मूल्यांकन किया गया।

### छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. नीता राजपुत के नेतृत्व में एमए हिन्दी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने गंगा मैया, सिया देवी, गंगरेल-रुद्री बांध का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक सौंदर्य, मंदिर की कलाकृति, उसके नामकरण की सार्थकता एवं इतिहास, जल का अवलोकन किया। भ्रमण दल में चांदनी कंवर, चाँदनी जंघेल, प्रेमलाल वर्मा, रोशन, योगेश, भोजराम वर्मा, शेखर साहू, अलीशा, मोना सेन, सुमन सिन्हा, छोटी कंवर, कविता वर्मा, विकास मेश्राम, मोहित वर्मा, करण मेश्राम, नीलम यादव, पार्वती चंद्रवंशी, दीपक, तनु, यामिनी, निशा वर्मा, मधु निषाद, आस्मिन, अरुण वर्मा, काजल वर्मा, विद्या साहू आदि शामिल थे।

### फिर खुल गई चखना दुकानें

**डोंगरगांव।** देशी और अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास करीब आधा दर्जन चखना दुकाने आबकारी विभाग की शह पर फिर से खुल गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने इन चखना दुकानों को बंद करा दिया था। परिसर में दुकान चलाने के लिए विधिवत आवेदन मंगवाकर दुकान आबंटित किया गया था। शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए करियाटोला खार में संचालित देशी और अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास छह से सात चखना सेंटर चल रहे हैं। बताया जाता है कि दुकानों का संचालन विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है। इसी प्रकार अर्जुनी शराब दुकान के आसपास भी चखना दुकाने बेरोकटोक चल रही हैं।

### बदमाशों की एसडीओपी ने ली क्लास



**डोंगरगढ़।** एसडीओपी आशीष कुंजाम ने थाना परिसर में डोंगरगढ़, बोरतलाब एवं चिचोला क्षेत्र के गुंडा, निगरानी, माफी बदमाशों एवं पूर्व अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले व्यक्तियों को उपस्थित कराकर क्लास लिया। उन्होंने अपराध से दूर रहने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चेतावनी दी। पुनः अपराध में लिप्त रहने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की हिदायत दिया। इस दौरान थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, बोरतलाब प्रभारी मिलन सिंह, चिचोला प्रभारी भूषण चंद्राकर उपस्थित थे।

### अर्थशास्त्र विभाग में परिषद गठित



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अर्थशास्त्र छात्र परिषद का गठन किया गया है। परिषद में योगेश कुमार लाउत्रे को अध्यक्ष, करीना डोंगरें को उपाध्यक्ष, सचिव भगवंतीन पटेल तथा सहसचिव प्रिया महोबिया को मनोनीत करने के साथ कोषाध्यक्ष हुमेश साहू को बनाया गया है। प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामना दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आरआर कोचे ने परिषद गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अंत में सहायक प्राध्यापक मनीषा भेड़िया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने जारी किया सूची

# धान खरीदी पर नजर रखने कांग्रेस ने गठित की समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



जिला कांग्रेस कमेटी ने 37 धान उपार्जन केन्द्रों में निगरानी समिति का गठन करते हुए सदस्यों का मनोनयन किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने सूची जारी करते हुए बतायाकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा की अनुशंसा से 37 सेवा सहकारी समिति में निगरानी समिति के सदस्य नियुक्त किया गया।

सूची अनुसार अतरिया उपार्जन केन्द्र में हिमांचल राजपूत, दिनेश वर्मा, गेंदा पाल, अमलीडीह में गिरधारी वर्मा, चन्द्रेश वर्मा, देवेन्द्र तोड़े, भूलाटोला में शरणध्वज वर्मा, संदेश वर्मा, फगवा धुर्वे, अमलीपारा में रविन्द्रसिंह गहरवार, कंवल टंडन, कुबेर वर्मा, कामठा में लक्ष्मीकांत वर्मा, नंदकुमार वर्मा, बीरू वर्मा, गाड़ाडीह में बलदेव वर्मा, संदीप सिरमौर, डोमार वर्मा, भोरमपुरकला में गिरधारी पाल, पुरूषोत्तम चंदेल, दिलीप शर्मा, मड़ौदा में महेश साहू, अशोक वर्मा, मोहन वर्मा, रगरा में राजेन्द्र वर्मा, धंशु सिन्हा, गोवर्धन सेन, जालबांधा में भुखन बंजारे, खुमान वर्मा, जगेश्वर साहू, डोकराभाठा में संतोष वर्मा, ओमप्रकाश साहू, गंगाराम जोशी, सलौनी में नरेन्द्र सेन, दशरथ बघेल, अशोक साहू, उदयपुर में चन्द्रिका साहू, रामानंद साहू, शिवनंदन दशरिया, रोड अतरिया/कुकुरमुड़ा में विष्णु जंघेल, भीम साहू, दौलत राम पटेल, गोपालपुर में संजय जंघेल, हिंछाराम गोड़ी, चतुर ओगरे, बीरूटोला में मंगल पटेल, मनीष वर्मा, सुखराम वर्मा, श्यामपुर में नंद चंदेल, नीरज महोबिया, अशोक सिरदार, झुरानदी में विजय वर्मा, कोसन कोसरे, ललित महोबिया का मनोनयन किया गया है।

इसी प्रकार नचनिया में गंगु मेरावी, राकेश वर्मा, परमात्मा मानिकपुरी, ठाकुरटोला में रोहित पुलस्त, केशव मिश्रा, राधामोहन वैष्णव, बकरकट्टा में सुरेन्द्र पटेल, रोहित धुर्वे, सुखेन पटेल, रामपुर में दिनेश बोरकर, पन्नालाल पटेल, राजेश सहारे, विचारपुर में केदार जंघेल, सचिन जंघेल, हिरामन जंघेल, सण्डी में लिकेश्वर जंघेल, बिसेसर जंघेल, गीता जंघेल, सिलपट्टी में परस जंघेल, खेमलाल देवांगन, सनत सिन्हा, बुंदेली में प्रमोदसिंह ठाकुर, बलदाऊ प्रसाद जंघेल, अनिल टंडन, भोथली में अशोक वर्मा, कमलेश छेदैया, डोरेलाल वर्मा, गंडई में दिलीप ओगरे, साकेत दुबे, हंसाराम पटेल, लिमो में रिखीराम पटेल, मोहन साहू, मोहसीन खान, बेदुल वर्मा, इसराइल खान, हनईबन में कल्याण साहू, लालाजी साहू, नंदलाल साहू, बरबसपुर में व्यास वर्मा, सोनू बारले, द्वारिका बंजारे, सुखरी में अंजोरदास धृतलहरे, रविन्द्र मारकंडे, कृष्णा यादव, मानिकचौरी में प्रदीप जंघेल, संपूरनदास, रामशरण वर्मा, धोधा में राजू जंघेल, मनहरण जंघेल, रणजीत सिंह चंदेल, ठंढार में देवा जांगड़े, प्रकाश साहू, पैलीमेटा में समल नेताम, धुरेलाल नागवंशी, दिलीप नागवंशी तथा मोहगांव में कुंभलाल धुर्वे, माधोराम वर्मा, ईश्वर यादव को मनोनीत किया गया है।

### भाजपाईयों को सोसाइटियों की कमान



**डोंगरगांव।** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद सोसाइटियों में भाजपा नेताओं को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। सहकारिता चुनाव नहीं होने के कारण अध्यक्ष का पद काफी समय से रिक्त है। इस पद पर कांग्रेस शासन काल में नियुक्ति किया गया था जिसे भाजपा ने निरस्त कर दिया था। अब नए सिरे से नियुक्ति की गई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय सेवा सहकारी समिति में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता को नियुक्त किया गया है। श्री गुप्ता पहले भी अध्यक्ष रह चुके है। इसी प्रकार अर्जुनी में जिला पंचायत सदस्य इंदुमति साहू के पति और पूर्व में अध्यक्ष रह चुके चुनेश्वर साहू का मनोनयन किया गया है। खुज्जी में पूर्व अध्यक्ष तखतराम सोनकर को मौका दिया गया है। रामपुर सोसाईटी में जंगलपुर के पूर्व सरपंच जॉनीवाकर साहू, दीवानभेड़ी में हेनूराम साहू, कोहका मे मोहरदास साहू, तेन्दूनाला में गणपत सिन्हा, खुर्सीटिकुल में छुरिया जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर, कुमरदा में नूनकरण भूआर्य, कोकुपर में आसरा के पूर्व सरपंच खेमनलाल साहू, बादराटोला में जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेन्द्र कुमार साहू तथा चारभांठा (कु.) में अनिरूद्ध चंद्राकर की नियुक्ति की गई है। जानकारी के अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खुज्जी के अधीन आने वाली सेवा सहकारी समिति खुज्जी में पूर्व अध्यक्ष तखतराम सोनकर, उमरवाही में कौशल चंद्रवंशी, मटिया में कपिल बघेल, पांगरीखुर्द में बोधन साहू, गिदरीं में हृदयराम चंद्रवंशी, रतनभाट में दीनदयाल साहू, खुर्सीपार में गिरधारी लाल साहू की नियुक्ति की गई है।

# बम्लेश्वरी ट्रस्ट बना रहा सुविधायुक्त हास्पिटल

- 10 करोड़ खर्च प्रस्तावित, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल खोलने जा रहा है। प्रस्तावित हास्पिटल में मरीजों को जांच और उपचार की सुविधा किफायती दर में मिलेगी।

करीब 40 हजार वर्गफीट में बनाए जा रहे 100 बिस्तर अस्पताल में निजी अस्पताल की तरह सभी सुविधाएं रहेगी।

करीब 10 करोड़ की लागत से बनने वाले हास्पिटल में सभी विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ दो आपरेशन थियेटर, आइसीयू वेंटीलेटर, डायलिसिस, ब्लड बैंक, पैथालाजी, सिटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे आदि सभी सुविधाएं रहेंगी। अस्पताल परिसर में ही दवा दुकान रहेगी, जहां रियायत दर पर दवाइयां मिलेगी। निर्माणाधीन अस्पताल में प्राइवेट वार्ड भी बनवाए जा रहे हैं। यहां 60 नर्सिंग स्टाफ एवं चिकित्सकों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं, जो पूरे समय उपलब्ध रहेंगे।

### चार हिस्से में निर्माण

अस्पताल 10-10 हजार वर्गफीट में चार हिस्सों में बनाया जा रहा है, जिसका लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। संभावना है कि नए वर्ष में इसका उद्घाटन हो सकता है। अस्पताल में महिला रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला एवं फिजियोथेरेपी सुविधा मिलेगी।

### सुविधा में होगा विस्तार



धीरे-धीरे अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना ट्रस्ट का मूल उद्देश्य है।

**- मनोज अग्रवाल,** अध्यक्ष

### सरकारी अस्पताल अपर्याप्त

सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 50 बिस्तरों की सुविधा जरूर है किन्तु अन्य चिकित्सा सुविधा का अभाव है। शहर में सुविधायुक्त निजी अस्पताल नहीं है जिसे देखते हुए ट्रस्ट ने धर्मार्थ अस्पताल खोलने का निर्णय लिया है।

## एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**ठेलकाडीह।** शासकीय नवीन महाविद्यालय की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम टोलागांव में आरंभ हुआ। शिविर में 50 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिसेसर दास साहू थे। अध्यक्षता सरपंच मनोज दास साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुवात में स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. एलसी सिन्हा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू ने शिविर की रुपरेखा एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। सरपंच श्री साहू ने पूर्ण सहभागिता का आश्वासान दिया। मुख्य अतिथि श्री साहू ने अपने जीवन के अनुभवों एवं संघर्षों से अवगत कराया। संचालन सहायक प्राध्यापाक रेणुका सिन्हा ने किया। इस मौके पर विनय कुमार मसियारे, बेनविक्रम बर्मन, रेणुका कुंजाम, उप सरपंच विष्णु दास साहू, माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डीके साहू, प्राचार्य चंद्रभान साहू आदि उपस्थित थे।

## पदोन्नति सूची एक हफ्ते में होगी जारी

**सोमनी।** उच्च वर्ग शिक्षक से प्रधान पाठक के पद पर पद्दोन्नति में हो रहे विलंब को लेकर शिक्षक समुदाय ने संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर से मुलाकात किया। जे डी ने बताया कि त्रुटि सुधार किया जा रहा है। जेडी ने बताया कि अगले हफ्ते डीपीसी हो जाएगी और पद्दोन्नति सूची जारी कर दिया जाएगा। सहायक शिक्षक से उच्च वर्ग शिक्षक की पदोन्नति के संबंध में बताया गया कि जिला स्तर पर जानकारी तैयार कर लिया गया है। उच्च वर्ग शिक्षक की पदोन्नति एवं संस्कृत विषय को लेकर संचालक से मार्गदर्शन मांगा गया है जिसके बाद पदोन्नति प्रक्रिया शुरू किया जाएगा। जे डी ने हेडमास्टर की पदोन्नति कॉउंसलिंग से करने की बात कहा है। शिक्षको ने उच्च परीक्षा में शामिल होने दिए गए आवेदन पर अनापत्ति पत्र जारी नहीं होने की शिकायत किया। मुलाकात के दौरान सहायक संचालक केके शुक्ला, विनोद, कमल, संजय, श्रवण, किशोर, रुस्तम उपस्थित थे।



## विधायक पहुंची धान खरीदी केन्द्र



**डोंगरगढ़।** अछोली, बेलगाँव, छिपा, मोहारा, ढारा और कलकसा के धान उत्पार्जन केंद्रो में जाकर विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से रूबरू होकर समस्याएं सुना। किसानों ने टोकन को आनलाइन के साथ आफलाइन देने की मांग रखा। उन्होंने बताया कि सर्वर के कारण टोकन लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने धान की राशि का एकमुस्त भुगतान करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पहले 3100 एक साथ देने की घोषणा किया गया था किन्तु वर्तमान में 2300 की दर से भुगतान किया जा रहा है। शेष राशि कब दिया जाएगा इसकी समय सीमा तय नहीं है।

इस दौरान सुरेश सिन्हा, चुम्मन साहू, राजू राजपूत, लता साहू, फिरंगी पटेल, गोकुल वर्मा, पंचराम चंदेल, योधन साहू, दिनेतु जांगड़े, लाला वर्मा, श्यामसाय तांडेकर, जगदेव साहू, नंदकुमार महोबिया, घनश्याम साहू, फत्तू वर्मा, राजू वर्मा, मनीषा नेताम, नरोत्तम कुंजाम, हरक पटेल, राजेंद्र श्रीवास, गुलशन लिल्हारे, रंजीत भारती, ईश्वर साहू, पिंटू वर्मा आदि उपस्थित थे।

## किसान कांग्रेस की मांग, धान का पूरा भुगतान करे सरकार



**तुमडीबोड़।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर किसानों के धान को 3217 रुपए क्विंटल की दर से लेकर एक मुस्त भुगतान करने की मांग की है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय किसानों को लुभाकर वोट तो बटोर लिए लेकिन अब किसानों से किया गया वादा को निभाने में टालमटोल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों को धान का भुगतान 2300 और 2320 रुपए क्विंटल की दर से कर रही है जबकि भाजपा ने 31 सौ रुपए की दर से खरीदी और एकमुश्त भुगतान करने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 117 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त देने की घोषणा की है। इस तरह राज्य सरकार को 3217 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मीडिया प्रभारी गौतम वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी साहू, कुमर्दा के देवलाल साहू, लाल बहादुर नगर के जयचंद ठाकुर, डोगरगढ़ के ओमप्रकाश साहू, चुम्मन साहू, राम भरोसा, टीकम साहू, ओंकार साहू, संतोष ठाकुर, हीरामन आदि उपस्थित थे।

## ढाबा में उप जोन स्तरीय खेल स्पर्धा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ढाबा मे उपजोन स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रतिभागियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। समापन मौके पर पुरुस्कार वितरण पूर्व विधायक कोमल जंघेल मुख्य आतिथ्य में किया गया। श्री जंघेल ने छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता मे पेंडरवानी संकुल की प्राथमिक शाला के बच्चे कबड्डी में प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर ढाबा के बच्चे रहे। खो-खो में संबलपुर प्रथम, द्वितीय खौड़ा, खो-खो बालिका में प्रथम संबलपुर, द्वितीय खौड़ा, योगा बालक एवं बालिका में प्राथमिक शाला बसावर प्रथम रही। माध्यमिक वर्ग की बालक कबड्डी में ढाबा प्रथम, पेंडरवानी द्वितीय, बालिका कबड्डी में लिमो प्रथम, ढाबा द्वितीय, बालक-बालिका खो-खो में खौड़ा प्रथम, पेंडरवानी द्वितीय, योगा माध्यमिक बालक एवं बालिका में संकुल केन्द्र गंडई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में टुमन साहू, सरपंच बेंगलाल वर्मा, शाला समिति अध्यक्ष बोधराज देवांगन, धर्मेंद्र पटेल, टिकेंद्र ध्रुवे, फगुनसिंह खुसरो, लेखन वर्मा, सीताराम पटेल, जागेश्वर वर्मा, चन्द्रकुमार धनकर, दानीराम मनिकपुरी, योगेंद्र कश्यप, नीलम नेताम, शंकर मेश्राम, मुकेश कश्यप आदि उपस्थित थे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट · कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) · स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर · भिलाई · बिलासपुर · रायपुर · जगदलपुर · कोरबा
9659 455 455
130+ Experience Centres Pan India
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव।** मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक राजनांदगांव में 11 नवंबर को जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम का मुख्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजेश खांडेकर सचिव वनवासी विकास समिति राजनांदगांव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवाजी लिमजे एसोसिएट प्रोफेसर पं. एसकेसीएआरएस सुरगी शामिल हुए। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमके चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पीला साफा, श्रीफल एवं पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सविता चौधरी द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्राओं द्वारा जनजाति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। जनजाति नायक कोमराम भीम पर आधारित आरआरआर फिल्म के गीत का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम सह संयोजक नेहा ठाकुर ने कार्यक्रम का प्रस्तावना वाचन किया और कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवाजी लिमजे द्वारा राणा पूंजा भील व अमर बलिदानी गोविंद गुरु के योगदानों को याद किया गया तथा जनजाति समाज के जीवन शैली, रीति-रिवाज एवं प्रकृति प्रेम के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि राजेश खांडेकर द्वारा जनजाति समाज के बारे में फैलाई गई भ्रांतियों के बारे में बताया गया। उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती तथा भगवान बिरसा मुंडा के शौर्य व पराक्रम का वर्णन किया। तत्तत्पश्चात अतिथियों द्वारा जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. एमके चौबे जनजाति नायक-नायिकाओं को याद करते छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. केके कटेंद्र द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## निधन

### सतीश भट्टड

**राजनांदगांव।** संस्कार श्रद्धांजलि संस्था के अध्यक्ष सतीश भट्टड का शुक्रवार को निधन हो गया। स्व. भट्टड बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उल्लेखनीय है कि स्व. भट्टड संस्कार श्रद्धांजलि के सदस्यों के साथ लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करने में अपना योगदान देते रहे। साथ ही नेत्रहीन और दिव्यांगजनों की भी हर संभव मदद के लिए तत्पर रहते थे।



## 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

# मेजबान छत्तीसगढ़ बना ऑल-ओवर चैम्पियन

### बॉस्केटबॉल बालक-बालिका 14 वर्ष व बालक 17 वर्ष में रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ के बालक-बालिकाओं ने बॉस्केटबॉल 14 वर्ष व 17 वर्ष के तीनों ही आयु वर्ग में विजेता का खिताब जीतकर ओवर-ऑल चैम्पियनशीप पर कब्जा कर लिया है।

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने तीनों वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दिग्विजय स्टेडियम के इण्डोर व आऊटडोर बॉस्केटबॉल कोर्ट में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन दिवस 22 नवम्बर को खेले गए फाईनल मैच के तहत बॉस्केटबॉल 14 वर्ष बालिका में मेजबान छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 62-48 अंक से हराकर विजेता बनी।

हरियाणा उप विजेता रही। तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में महाराष्ट्र ने दिल्ली को 42-30 अंक से हराकर कांस्य पदक जीता। सेमीफाईनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने दिल्ली को और हरियाणा ने महाराष्ट्र को हराया था।



### राजस्थान की टीम रही तीसरे स्थान पर

बॉस्केटबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग के फाईनल मैच में छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 55-42 अंक से हराकर विजेता बनी। तीसरे एवं चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में राजस्थान ने दिल्ली को 62-27 अंक से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेमीफाईनल मैच में छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 62-49 अंक से और हरियाणा ने दिल्ली को हराकर फाईनल में पहुंची थी। बालक वर्ग के 17 वर्ष आयु वर्ग के बॉस्केटबॉल के फाईनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडु को 49-37 अंकों से पराजित करते हुए स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु को रजत पदक मिला। कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में राजस्थान ने दिल्ली को 66-40 अंक से पराजित किया। इसके पूर्व खेले गए सेमीफाईनल मैच में तमिलनाडु ने दिल्ली को 67-60 अंक से और छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 60-34 अंक से हराकर फाईनल में जगह बनाई थी।

# मुक्तिबोध ज्ञानात्मक संवेदना के कालजयी रचनाकार हैं : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

▪ जयंती पर व्याख्यान और सम्मान समारोह आयोजित

शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित मुक्तिबोध जयंती समारोह में प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक को मुक्तिबोध सम्मान 2024 प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. राजेश पांडेय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में नागपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय मुख्य वक्ता और पटना से पधारे साहित्यकार डॉ. ब्रजभूषण मिश्र विशेष अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने किया।

समारोह में प्राचार्य सहित हिंदी विभाग के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और अतिथियों ने त्रिवेणी परिसर स्थित त्रिमूर्ति साहित्यकारों को पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात बख्शी सभागृह में आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडेय ने मुक्तिबोध को संवेदनात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक संवेदना का कालजयी रचनाकार बताते उनके व्यक्तित्व का बखान किया।

मुख्य वक्ता डॉ. मनोज पांडेय ने मुक्तिबोध के व्यक्तित्व और कृतित्व पर समीक्षात्मक व्याख्यान दिया। विशेष अतिथि डॉ. ब्रजभूषण मिश्र ने कहा कि मुक्तिबोध की पहचान तारसप्तक के कवि से हुई, लेकिन उनकी प्रोढ़ सृजनात्मक यात्रा प्राध्यापक बनने के बाद ही शुरू हुई। उनके जीवन काल में सिर्फ एक पुस्तक प्रकाशित हो पाई थी।



### पुस्तक का किया गया विमोचन

आयोजन के प्रारंभ में डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि मुक्तिबोध को याद करना हमारे लिए अपने पुरुखों को याद करने जैसा है। वे हिंदी में प्रगतिशील कविता के पुरोधा हैं और राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ की साहित्यिक संपदा की विरासत भी हैं। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने कहा कि डॉ. पाठक को प्रथम मुक्तिबोध सम्मान से सम्मानित करना हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। डॉ. विनय कुमार पाठक ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. बीएन जागृत और डॉ. प्रवीण कुमार साहू द्वारा संपादित पुस्तक वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नारी-विमर्श का विमोचन किया गया। दिग्विजय महाविद्यालय के तीन पदोन्नत प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, शबनम खान और डीपी कुर्रे का अभिनंदन करते विदाई दी गई। समारोह में आत्माराम कोशा, गिरीश ठक्कर, गिरीश बख़्शी, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, डॉ. वीरेंद्र साहू, कौशिक बिशी और बड़ी संख्या में शोधार्थी-विद्यार्थी उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण साहू और आभार प्रदर्शन डॉ. बीएन जागृत ने किया।

### प्राईवेट छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 9 नवंबर को प्राईवेट विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य डॉ. बघेल ने कहा कि सत्र 2024-25 से छत्तीसगढ़ के पूरे कॉलेजो में नई शिक्षा नीति लागू किया गया। जिले के अग्रणी महाविद्यालयों में पूर्व से ही लागू कर दिया गया है। नई शिक्षा नीति में 4 वर्ष का कोर्स बनाया गया। सेमेस्टर के तहत हर 6 माह में परीक्षा होनी है। 2 बार आंतरिक मूल्यांकन व प्रत्येक विषय में असाइनमेंट लिखकर जमा करना है। विद्यार्थी को उन्नत बनाने, कौशल विकास को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास को मुख्य ध्येय बनाया गया है। नई शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ. एएन माखीजा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए तीन प्रकार के उपाधि की व्यवस्था किया गया है। प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर कॉलेज छोड़ने पर 44 क्रेडिट अंक अर्जित करना होगा। उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा। द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण याने 4 सेमेस्टर पास कर कॉलेज छोड़ने पर 84 क्रेडिट अंक अर्जित करना होगा, उन्हें डिप्लोमा दिया जाएगा। तीसरे वर्ष यानि 6 सेमेस्टर पास कर कॉलेज छोड़ने पर डिग्री प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निर्मला उमरे ने जानकारी दी कि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लिए विद्यार्थी को डीएससी के तहत प्रमुख 3 विषय का चयन करना होगा। जीई के तहत दूसरे संकाय का 01 विषय लेना होगा तथा वीएसी के तहत 01 विषय पढ़ना आवश्यक होगा। एईसी के तहत हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा व पर्यावरण अध्ययन में से 01 विषय पढ़ना होगा। उन्हें भी नियमित विद्यार्थियों की तरह आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक आंतरिक मूल्यांकन, वीएसी में परीक्षा व असाइनमेट जमा करना होगा।

# गौमाता की आराधना का महापर्व गोपाष्टमी

## बाल रत्न मंच सेवा समिति ने किया गौमाता पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव की गौसेवा में समर्पित संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल व उपाध्यक्ष संदेश जैन ने बताया कि इस वर्ष बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा गोपाष्टमी के महापर्व पर भागवताचार्य परम पूज्य आचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम के सानिध्य में वेद लक्षणा सर्व देवमई गौ माता का पूजन तिलक, माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा, अंगवस्त्र ओढ़ाकर पूजन-अर्चनकर आरती उतारी गई। हरी-हरी घास व गुड़ रोटी खिलाई गई। महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल सपत्नीक स्वाति अग्रवाल, संस्था सचिव सौरभ खंडेलवाल सपत्नीक प्रतिभा खंडेलवाल सहित जन्मदात्री मां शशि खंडेलवाल सहित गौमाता की पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। तत्पश्चात संस्था सदस्यों द्वारा गौमाता की पूजा-आराधना की गई। गौमाता से विश्व मंगल की कामना की गई। बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार की ओर से स्वागत भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री का तिलक लगाकर प्रचार प्रमुख रितेश यादव ने स्वागत किया एवं माल्यार्पण संस्था के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया।

गौ सेवा में समर्पित जनों का तिलक लगाकर एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया। गोपाष्टमी के महापर्व पर समिति के राहुल अग्रवाल, संदेश जैन, सौरभ खंडेलवाल, रितेश यादव, मयंक कृष्णा शर्मा, कैलाश गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, मनीष यादव, अरविंद गुप्ता, मनीष यादव, अभिनव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, रवि शर्मा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने एक-दूसरे को गोबर का तिलक लगाकर गोपाष्टमी की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन कैलाश गुप्ता ने किया। उपरोक्त जानकारी संस्था सचिव सौरभ खंडेलवाल व प्रचार प्रमुख रितेश यादव ने दी।

**14 रत्नों में से 1 रत्न गौ माता है :** भागवताचार्य ने कहा कि गौमाता की उत्पत्ति समुद्र मंथन में हुई है। 14 रत्नों में से एक रत्न गौमाता है। वेद लक्षणा गौमाता में 33 कोटी देवी-देवताओं का वास माना जाता है। गौसेवा से समस्त तीर्थों के पुण्य का फल प्राप्त होता है। बाल रत्न मंच सेवा समिति की गौ सेवा रथ दो रोटी आपकी संस्था की गौ सेवा में प्रेरणाप्रद पहल है एवं 21 वर्षों की निरंतर अविरल सेवा का सतत प्रवाह गौमाता का आशीष है।

### परिचय सम्मेलन एक को रायपुर में

**मुरमुंदा।** छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ का प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी एक दिसंबर को महादेव घाट रायपुर में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, विकास मरकाम, जगेश्वर प्रसाद, प्रभुदयाल मेषपाल, मिलन धनकर, यशवंत पाल धनकर, मदन सटकर, गोविंद धनकर, लोरिक पाल, लक्ष्मी नारायण महतो शामिल होंगे। यह जानकारी राजनांदगांव धनकर समाज के सचिव संतोष धनकर ने दी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202410093100014**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

विषयः- अ-6 अ सन् 2024-2025
ढाबा (प ह न. 00005)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - **अखिलेश कुमार गुप्ता**
अनावेदक पक्षकार - **छ.ग. शासन**

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश कुमार गुप्ता आ० विजय कुमार निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं0 13 डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पिता विजय कुमार द्वारा विक्रेता माहरू आ.भैयाराम, भगवनतीन पति भैयाराम जाति तेली निवासी ग्राम ढाबा तहसील डोंगरगांव द्वारा खसरा नं. 50/1 रकबा 0.202 हेक्टेयर भूमि को दिनांक 08 10/2013 को निष्पादित किया गया है। नामातरण क्रेता के नाम पर हो चुका है जिसका नामंतरण क्रमांक 70/ वर्ष 2013-14 है जिसका किसान किताब क्रमांक 1756291 है किन्तु ऑन लाईन रिकार्ड दुरूस्त नही होने के कारण उक्त भूमि पर विक्रेता का नाम दिखा रहा है। जिससे परेशानी होने के कारण उपरोक्त भूमि पर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 06.12.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिक्रत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 22.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
ABDUL VASHIM SIDDIQUI
तहसील-डोंगरगांव

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 202407092100068/अ/6 वर्ष 2023-24**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक बनारसी बाई अग्रवाल पति मामराज अग्रवाल, उम्र 78 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में शीट क्रमांक 4 भूखंड क्रमांक 609/1 क्षेत्रफल 1680 वर्गफीट खाली भूमि को आवेदक के द्वारा अनावेदक गुरमीत कौर पति स्व. कुलबीर सिंग, उम्र 57 वर्ष, निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ से पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 26/06/2024 को खरीदा गया है। आवेदक अपने स्वामित्व व आधिपत्य की नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में शीट क्रमांक 4 भूखंड क्रमांक 609/1 क्षेत्रफल 1680 वर्गफीट में खाली भूमि को अनावेदिका का नाम कटाकर अपने नाम से दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 11/12/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082




## धान खरीदी सहित अन्य व्यवस्था पर रखेंगे ध्यान

# समिति अध्यक्षों ने की भाजपा नेताओं से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के 38 वृहताकार सहकारी समितियों में नवनियुक्त अध्यक्षों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर नियुक्ति के लिए आभार जताया।

जिला भाजपा कार्यालय मे प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू, जिला महामंत्री रामाधार रजक सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के दौरान नव नियुक्त अध्यक्षों ने भरोसा दिया कि वो सब विष्णुदेव साय के सुशासन वाली सरकार के भरोसे को कायम रखते हुए समितियों में धान खरीदी के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाओं में किसानों को बेहतर सुविधा दिलाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान भाजपा नेताओं ने भी सभी को मन लगाकर पूरी जिम्मेदारी से काम करने कहा। इस दौरान अमलीपारा अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, गाड़ाडीह अध्यक्ष केशव वर्मा, आमदनी अध्यक्ष निमेश सिंह गहरवार, बैहाटोला अध्यक्ष उमेंद उइके, बढ़ईटोला अध्यक्ष लाल राजेंद्र सिंह, टोलागॉव अध्यक्ष नारायण साहू, डोकराभाठा अध्यक्ष रामकुमार जोशी, सलोनी अध्यक्ष कोमल वर्मा, कामठा अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, जालबांधा अध्यक्ष फिरनलाल वर्मा और मड़ौदा समिति अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भंडारपुर अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, ईटार अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह भदौरिया, पांडादाह अध्यक्ष पंकज सिंह ठाकुर, मुढ़ीपार अध्यक्ष नरोत्तम सिंहा रगरा समिति अध्यक्ष लालाराम वर्मा, उदयपुर अध्यक्ष पूरन जंघेल, भोरमपुर कला अध्यक्ष नरेश कुर्रे और बाजार अतरिया समिति अध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा सहित छुईखदान, गंडई और साल्हेवारा स्थित जिला सहकारी बैंक अंतर्गत आने वाले सभी वृहताकार समितियों के नवनियुक्त प्राधिकृत उपस्थित थे।

### सूची जारी होने के बाद फैली नाराजगी

समितियों में प्राधिकृत नियुक्ति को लेकर भाजपा के मैदानी कार्यकर्ताओं में जारी बवाल और नाराजगी व्यक्त करने का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। नियुक्ति सूची जारी होने के बाद से ग्रामीण क्षेत्र में मैदानी स्तर पर पूरी निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ताओं में जर्बदस्त नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि पहले से पद संभाल रहे भाजपा नेताओं की पुरानी छवि से जिला भाजपा संगठन मुक्त नही हो पाया है। पुराने चेहरों पर ही हर बार भरोसा किया जाता है और उन्हें चुनाव या बैठक, सम्मेलन में झंडा बैनर टांगने तक सीमित कर दिया गया है। उनका कहना है कि प्रदेश में सत्ता सरकार आने के बाद उनमें भी पद को लेकर लालसा जगी थी, लेकिन जिला स्तर के भाजपा नेता पुराने चेहरों से आजाद नही हो पा रहे है। गौरतलब है कि प्राधिकृत की जारी सूची मे बाजार अतरिया के प्राधिकृत हरप्रसाद वर्मा वर्तमान में पिव मोर्चा के जिलाध्यक्ष और पूर्व मे इस पद मे काम कर चुके है। मुढ़ीपार प्राधिकृत नरोत्तम सिंहा पांडादाह मंडल अध्यक्ष और ईटार प्राधिकृत कमलेश्वर सिंह भदौरिया पांडादाह मंडल के प्रभारी है। डोकराभाठा प्राधिकृत रामकुमार जोशी पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष है। कृष्णा वर्मा पूर्व पार्षद और समिति के पूर्व अध्यक्ष रह चुके है। आमदनी के निमेश सिंह गहरवार भी पूर्व अध्यक्ष रह चुके है। बढ़ईटोला के लाल राजेंद्र सिंह, चेतन वर्मा, कोमल वर्मा, जितेंद्र वर्मा जैसे तमाम नाम भी संगठन मे जिला स्तर के पदाधिकारी है।

### नाराजगी की बात गलत

भाजपा में कार्यकर्ताओं को समय-समय पर काबिलिय अनुसार काम करने का पूरा अवसर दिया दिया गया, नाराजगी की बात गलत है। - **घम्मन साहू,** जिला भाजपाध्यक्ष

## सार समाचार

### पारीखुर्द में आनंद मेला उत्सव आयोजित

**राजनांदगांव।** चाचा नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द के बच्चों द्वारा भव्य आनंद मेला उत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने राउत नाचा के माध्यम से बाल मड़ई निकालकर ग्रामीणों को आनंद मेला उत्सव में आने का न्यौता दिया।



अतिथियों सरपंच बुद्धेश्वर साहू, संकुल समन्वयक भरेंगांव भूपेश कुमार साहू, भूतपूर्व सरपंच सगनलाल साहू, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक परसराम चंद्राकर, वरिष्ठ नागरिक लालदास वैष्णव, सुभ्या निषाद, ज्योति वैष्णव, प्रेमशंकर साव, शिवकुमार सेवता की उपस्थिति में उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही संकुल के अन्य शालाओं से शिक्षकों का आगमन हुआ। जिसमें आदित्य खरे, पूजा सोनी, नमिता साहू, कुसुम किरण साहू, विजय कुमार बरई की उपस्थिति रही।

### समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत

**राजनांदगांव।** प्रकट प्रभावी मालपुरा (राजस्थान) में प्रत्यक्ष दर्शन देने वाले जैन जगत के तीसरे दादा गुरूदेव श्री जिनकुशल सूरी गुरूदेव की 744वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय दादा गुरूदेव भक्त मंडल ने अपने ही श्रीसंघ के सम्माननीय वरिष्ठ गुरूभक्तों उदेराज गोलछा 104 वर्ष, इंदरचंद चोपड़ा 93 वर्ष, श्रीमती धापूबाई गोलछा 92 वर्ष ध.प. स्व. रामलाल गोलछा एवं श्रीमती सायरबाई गोलछा 86 वर्ष ध.प. स्व. उत्तमचंद गोलछा का शाल-श्रीफल एवं माला पहनाकर अभिनंदन-स्वागत संस्था द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरूदेव के भव्य अंगी की रचना के साथ ही 108 दीपक की महाआरती भी रात्रि में की गई। उक्त जानकारी संस्था के रौशन गोलछा द्वारा दी गई।



### कोचिया के पास अवैध रूप से संग्रहित धान जब्त

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार अवैध धान के संग्रहण परिवहन और विक्रय पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी तारतम्य में गत 21 नवंबर को एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य ने ग्राम भोजटोला में कोचिया के गोदाम का निरीक्षण किया। एक कोचिया के पास संग्रहित धान का रिकॉर्ड नहीं होने के कारण व एक कोचिये के पास सीमा से अधिक धान का संग्रहण होने के कारण मंडी निरीक्षक द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई है।



### सांसद पांडे ने देखा द साबरमती रिपोर्ट

**राजनांदगांव।** लोहमर्षक सच्ची घटना पर बनी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म इन दिनों सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर ट्रेड किए हुए है। द साबरमती रिपोर्ट को देखने लोगों में उत्साह चरम सीमा पर है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने द साबरमती रिपोर्ट देखी और विषय के महत्व को देखते इस फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने का ऐलान किया है।




राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने शहर के मंडी माल में स्थित सिनेमा हाल में भाजपा नेताओं के साथ द साबरमती रिपोर्ट देखी। द साबरमती रिपोर्ट फिल्म के संवेदनशील विषय व कलाकारों के जीवंत व उत्कृष्ट अभिनय का आलम यह रहा कि कई अवसरों पर सांसद संतोष पांडे व भाजपा नेताओं के आंखे भावविभोर हो आंसू से डबडबा गए और तत्कालीन घटना को जीवंत महसूस किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच. लाल, अशोक शर्मा, भरत वर्मा, सचिन बघेल, रमेश पटेल, गीता साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, नीलू शर्मा, विनोद खांडेकर, नरेश बैद पतली, बालू भंसाली, किरण साहू, प्रदेश मंत्री भाजयुमो आलोक श्रोती, मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, खम्मन ताम्रकार, अतुल रायजादा, रामकुमार गुप्ता, भागवत शरण सिंह, देवशरण सेन, रघुवीर वाधवा, सागर वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सहकारिता की भूमिका विषय पर व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा 71वें भारतीय सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन 18 नवंबर को प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके ऊके के निर्देशन में किया गया। व्याख्यान में मुख्य अतिथि पीएस लोन्हारे उप आयुक्त सहकारिता विभाग छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य वक्ता अमलेन्दु हाजरा वरिष्ठ अधिवक्ता, एन. कुमार साहू प्रभारी प्रबंधक जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत डॉ. उके द्वारा करते सहकारिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ. किरणलता दामले ने सहकारिता सप्ताह के जागरूकता विषय पर जानकारी दी। मुख्य वक्ता अमलेंदु हाजरा द्वारा सहकारिता विषय पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि पीएस लोन्हारे ने विद्यार्थियों को बताया कि संगठित होकर कार्य करने से रोजगार को प्राप्त कर सकते हैं और अन्य व्यक्तियों को रोजगार मुहैया करा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एन. कुमार साहू ने किया।




### आज राज्य स्तरीय सुन्दरकांड प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में कल 23 नवंबर को राज्य स्तरीय सुंदरकांड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न जिले के स्कूली विद्यार्थी बड़ी संख्या में प्रतिभागी के रूप में अपनी प्रस्तुति देंगे।



ज्ञात हो कि विद्यालय में यह आयोजन प्रतिवर्ष भव्य रूप में किया जाता है, जो जिलेभर के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र होता है। इसी तारतम्य में यह आयोजन 23 नवंबर को सुबह 9 बजे से आरंभ होने जा रहा है। गायत्री शिक्षण समिति, प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा जिले के गणमान्य नागरिकों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का समापन, मेजबान छत्तीसगढ़ को खिताब

# जीत और हार अपनी जगह, खेल में भाग लेना ही सबसे बड़ी बातः रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सभी विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता राजनांदगांव में शामिल होने आए देश के 33 प्रदेश के खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर एवं प्रतिनिधियों का स्वागत और अभिनंदन किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि खेल में जीत और हार अपनी जगह है। खेल में भाग लेना सबसे बड़ी बात है। आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन करने कहा। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आज स्कूल की इस प्रतियोगिता में भाग लेने अलग-अलग राज्यों से आए है। कल जब देश की टीम बनेगी तो यहीं से राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि तैयारी ऐसी हो। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के दौरान स्कूल में जो खेलते हैं एवं सीखते हैं, वह कल की तैयार के लिए आधार बनता है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को विजेता कप देकर पुरस्कृत किया। रउन्होंने 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की आसमान में गुब्बारे छोड़कर विधिवत समापन की घोषणा की। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।




### 33 राज्यों ने लिया भाग

कलेक्टर एवं आयोजन समिति संजय अग्रवाल ने कहा कि यह गौरव की बात है कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन को 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस शहर में खेल आयोजन कराने का दायित्व शिक्षा जिले को मिला है। यह प्रतियोगिता 18 नवंबर से प्रारंभ होकर 22 नवंबर को समापन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बास्केटबॉल के 14 वर्ष के बालक एवं बालिका वर्ग और 17 वर्ष के बालक वर्ग शामिल हुए हैं। इसमें देश के 33 राज्यों एवं संस्थाओं की टीमों के 700 बालक और 340 बालिका कुल 1040 प्रतिभागियों के साथ ही अधिकारी, कोच, मैनेजर प्रतियोगिता में कुल 1213 ने हिस्सा लिया है।

### स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

प्रतियोगिता के समापन समारोह में खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। इस अवसर पर गायत्री विद्यापीठ, विद्या भारती स्कूल और नीरज पब्लिक स्कूल के स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति एवं खेल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति को देशभर से यहां आए खिलाड़ियो को खूब पसंद आया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतीक्षा भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, रमेश पटेल, पूर्व विधायक रामजी भारती, कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

### गूगल ड्राइव व गूगल फॉर्म पर अतिथि व्याख्यान



**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग द्वारा कम्प्यूटर विषय के गूगल ड्राइव एवं गूगल फॉर्म टॉपिक पर गेस्ट लेक्चर कराया गया, जिसे शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के अतिथि सहायक प्राध्यापक रामावतार साहू द्वारा व्याख्यांतित किया गया।

उन्होंने बताया कि गूगल ड्राइव द्वारा हम अपने डेटा को किसी भी स्थान से किसी भी समय एक्सेस कर सकते हैं तथा शेयर कर सकते हैं। गूगल ड्राइव माध्यम से डाटा को हम सुरक्षित भी कर सकते हैं तथा इसमें किसी भी प्रकार के डॉक्यूमेंट बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि गूगल फॉर्म द्वारा हम विभिन्न प्रकार के फॉर्म बनाकर ऑनलाइन सुविधा दे सकते हैं। साथ ही किसी एग्जाम का फॉर्म भरने, क्रिएट करने, फीडबैक फॉर्म बनाना आदि जानकारियों को व्याख्यात किया गया। यह विषय विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक एवं उपयोगी रहा। व्याख्यान अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थीगण एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

## ऑनलाइन ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**मोहला।** ऑनलाइन ठगी व धोखाधडी करने वाले आरोपी को पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार गोटाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 सितंबर को अज्ञात आरोपी मोबाइल नंबर धारक द्वारा प्रार्थी नवलीबाई निवासी गोटाटोला को उसके मोबाइल नंबर में फोन के माध्यम से मोबाइल हैक कर प्रार्थी से अलग-अलग ट्रांजैक्शन के रूप में फ्रॉड किया। प्रार्थी द्वारा कुल 2,89,000 रुपए की ऑनलाइन फोन के माध्यम से धोखाधड़ी करने की लिखित शिकायत पर थाना गोटाटोला में धारा 318(4) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस टीम ने आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिसने घटना दिनांक को घटनाकारित करना स्वीकार किया एवं आरोपी द्वारा घटनाकारित करने में आरोपी द्वारा लोगों को ऑनलाइन मोबाइल फोन के माध्यम से ठगी व धोखाधड़ी करने में उपयोग करने वाले 3 नग मोबाइल फोन व 3 नग सिम कार्ड जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### दो पकड़ाए

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान सायबर सेल की तकनीकी सहायता एवं बैंक से प्राप्त जानकारी के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात आरोपी का पता तलाश करने पर उक्त संदिग्ध मोबाइल नंबर का टावर लोकेशन देवघर झारखंड का होना पाया गया। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध मोबाइल नंबर एवं धोखाधड़ी से संबंधित खाता विकास कुमार यादव 22 वर्ष व मुकेश यादव 26 वर्ष साकिन ग्राम जागनाडीह थाना देवपुरी जिला देवघर झारखंड का होना पाया गया।

## 200 अवैध विज्ञापन बोर्ड को निगम ने हटाया

- बिना अनुमति लगे विज्ञापन बोर्ड स्वयं हटा ले अन्यथा होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवार व छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलों में लगे छोटे बैनर-पोस्टर, फ्लाई ओवर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शहर के अंदर मुख्य मार्गो के विद्युत पोलों एवं अन्य जगह में लगे लगभग 200 पोस्टर व छोटे विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाया।




नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एर्जेसियों/ संस्थानों/ व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवार एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओवर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो छग विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए थे, किन्तु कतिपय लोगों द्वारा अवैध होर्डिंग्स व बोर्ड नहीं हटाया गया, जिसे निगम की टीम ने कार्रवाई करते गुडाखू लाइन, आजाद चौक, हलवाई लाइन, भारत माता चौक, कामठी लाइन, दिल्ली दरवाजा के पास, रामाधीन मार्ग, गंज लाइन, गंज चौक एवं पुराना बस स्टैंड के विद्युत पोलों एवं अन्य जगह लगे लगभग 200 अवैध बोर्ड हटाया।

आवश्यकता
अकाउंटेंट (GST, TDS ज्ञान) एवं गोडाउन- सुपरवाइजर 2 पद, अनुभव 3-4 साल तक.
- संपर्क करें -
रामदेव रिफाइनरी
बुद्धू भरदा, घोरदा, राजनांदगांव
7898001853, 9425216035

## हॉकी का खिताब दिग्विजय क्लब ने जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला हॉकी संघ के मार्गदर्शन में सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा आयोजित स्व. सुरजीत कौर स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का गुरुवार को रंगारंग समापन समारोह अंतरष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा के मुख्य आतिथ्य, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा, पार्षद ऋषि शास्त्री, कुलबीर सिंह भाटिया, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, भूषण सॉव, आशा थॉमस की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

समारोह में प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा राजनांदगांव हॉकी की नर्सरी के नाम से देशभर में जाना जाता है। जिला हॉकी संघ के मार्गदर्शन में स्व. सुरजीत कौर स्मृति रात्रकालीन 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से ही राजनांदगांव के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं और कर भी चुके हैं। जैसे रेणुका यादव ने ओलंपिक खेलकर पहली छत्तीसगढ़ की महिला ओलम्पियन रिकार्ड अपने नाम किया है। साथ मृणाल चौबे ने भी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल में अपना प्रदर्शन दिखाया है।

वर्तमान में राजनांदगांव की अनिशा साहू व ग्राम बोड़ला जिला कबीरधाम की गीता यादव अभी नीदरलैंड में जूनियर इंडिया टीम के ओर से खेलने गए हैं, यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़े ही गौरव की बात है।

स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मैच लालबाग विरुद्ध दिग्विजय क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें दिग्विजय क्लब ने लालबाग को 4-1 गोल से पराजित करते खिताब अपने नाम किया। एकतरफा मुकाबले में दिग्विजय क्लब की ओर से 2 गोल कारण साहू और यजत कौशिक व अमित माथुर ने 1-1 गोल किया था। वहीं लालबाग टीम की ओर से किशोर धीवर ने मात्र 1 गोल कर पाए। फाइनल मैच के पूर्व बालिका वर्ग में राजनांदगांव ग्रीन विरुद्ध राजनांदगांव रेड के मध्य खेला गया। जिसमें निर्धारित समय तक दोनों ही टीम 0-0 गोल की बराबरी पर रही और राजनांदगांव ग्रीन ने शूटआउट पर मैच को 3-2 गोल से जीत लिया।




इस अवसर पर ज्ञानचंद जैन, महेंद्र सिंह ठाकुर, गुणवंत पटेल, प्रकाश शर्मा, अजय झा, शिवा चौबे, सब्बीर हैदरी, दीपक यादव, अनूप श्रीवास्तव, योगेश द्विवेदी, रामअवतार जोशी, देवाशीष झा, लक्ष्मण यादव, अशोक नागवंशी, चंदन भरद्वाज, विकास वैष्णव, अरूण श्रीवास्तव, राजू रंगारी, जावेद खान, किशोर धीवर, आशीष सिन्हा, अशोक देवांगन, राजेश निर्मलकर, सचिन खोब्रागडे, दिलीप रावत, खेमराज सिन्हा, शकील अहमद, अभिनव मिश्रा, हारून खान, कुशाल यादव, कृष्णा यादव एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों व सदस्यगण उपस्थिति थे। इस अवसर पर अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत भी किया गया। अतिथियों ने मैदान में प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल कादिर व भूषण सॉव ने आभार प्रदर्शन किया।

## एनबीआईएस बोरी में सम्मान समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा लायंस टापटेन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लायंस क्लब के अध्यक्ष तरनदीप सिंह अरोरा, टापटेन संस्थापक सुनील बरडिया, टापटेन चेयरमैन मनोज गुप्ता अग्रहरि, रीजन चेयरमेन राजेश जैन, सचिव डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष कमल किशोर साहू के साथ शोभा चौरसिया, अशोक पवार, रमेश गुप्ता तथा सुरेश शर्मा उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में लायन क्लब के सदस्यों द्वारा शाला के बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। विगत पच्चीस वर्षों से लायन क्लब द्वारा विभिन्न शालाओं में लायन टापटेन के माध्यम से शाला के प्रतिभावान बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते आ रहे हैं।

एनबीआईएस शाला में लायन टॉपटेन में पुरस्कृत बच्चों में बेस्ट स्टूडेंट अकेडमिक कक्षा 12वीं कॉमर्स से गरिमा पारख, बायोलॉजी से राशि नायक, मैथ्स से आदित्य मोहबे, कक्षा 10वीं से स्वर सांखला, बेस्ट अनुशासन समृद्धि श्रीवास्तव, बेस्ट लीडरशिप वैभव चितलांग्या, बेस्ट क्रिएटिव प्रितेश शर्मा, बेस्ट वक्ता यश धूर्वा, बेस्ट खिलाड़ी दीक्षा साहू, बेस्ट आर्टिस्ट प्रतीक्षा साहू रही। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकों द्वारा टापटेन में प्रोत्साहित बच्चों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य द्वारा लायन क्लब के सदस्यों का शाला में लायन प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन पर आभार प्रदर्शन किया गया। शाला के डायरेक्टर बाजपेयी द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। लायंस क्लब के सम्मानित सदस्यों, शिक्षकों तथा पालकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371



स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
14 मई से 27 मई 2025, 19 मई से 01 जून 2025,
22 मई से 04 जून 2025, 25 मई से 07 जून 2025
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

## खबर संक्षेप

### सुंदूर वनांचल क्षेत्र में मां विध्यवासिनी मंदिर सेवा समिति ने कंवल व साड़ी वितरण किया

**हरिभूमि कवर्धा।** बैगा बाहुल्य सुंदूर वनांचल क्षेत्रांतर्गत बोक्करखार पंचायत के आश्रित ग्राम आमापानी में मां विध्यवासिनी सेवा समिति कवर्धा द्वारा कंबल एवं साड़ी वितरण किया गया। बैगा बाहुल्य क्षेत्र में ठंड के प्रारंभ होने से समिति द्वारा 500 कंबल एवं 200 साड़ी वितरित की गई। उक्त कार्यक्रम समिति अध्यक्ष धनसुख पटेल, कोषाध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी, सचिव आत्मानंद गुप्ता व वरिष्ठ सदस्य भरतलाल केशरी तथा पूर्व विधायक अशोक साहू उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष धनसुख पटेल व कोषाध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी ने कहा कि प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा वनांचल क्षेत्रों में ठंड के मौसम में कंबल व साड़ियों का वितरण किया। साथ ही उपस्थित जन समुदाय को मां विध्यवासिनी मंदिर सेवा समिति ने मां विध्यवासिनी माता के दर्शन के लिए आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम का संचालन समिति के सक्रिय सदस्य एवं पूर्व विधायक अशोक साहू ने किया, उक्त कार्यक्रम में सिरघु बैगा, सरपंच बलराम बैगा, सुकलाल बैगा, सुरेश ध्रुर्वे, अशोक मेरावी, घनश्याम नायक, फागुराम, मुक्तियार, मानसिंह, टीकालाल बैगा, उपस्थित थें वहीं आभार प्रदर्शन मंदिर समिति सचिव आत्मानंद गुप्ता ने किया।

### संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 754 वां जयंती समारोह व भव्य शोभा यात्रा आज

**हरिभूमि कवर्धा।** संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 नामदेव महराज का 754वां जयंती समारोह श्री नामदेव सामाजिक भवन में शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमे सुबह 9 से 10 बजे तक भगवान बिट्ठल का पूजन एवं 56 भोग, प्रसादी, तत्पश्चात सुबह 11 से 4 बजे तक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 18 वर्ष, फैंसी ड्रेस व डांस, गीत तथा भाषण प्रतियोगिता 5 से 18 वर्ष आयु के बच्चों द्वारा दी जाएगी तदुपरांत विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन सामाजिक परिचर्चा कार्यक्रम वहीं शाम 4 बजे से भव्य शोभा यात्रा सामाजिक भवन से निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण आदिवासी मंगल भवन, राजमहल चौक, राधाकृष्ण मंदिर, मां शीतला मंदिर, सराफा लाईन, एकता चौक, सिंग्नल चौक होते हुए नामदेव सामाजिक भवन में रैली का समापन किया जाएगा साथ ही साथ रात्रि कालीन 8 बजे बच्चों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भगतपुर में कार्यकर्ताओ से की परिचर्चा



**हरिभूमि कुण्डा/कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम भगतपुर में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा का आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा फूल माला व पटाखे के साथ भव्य स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम भगतपुर में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता के साथ बैठकर परिचर्चा किया। इस परिचर्चा में ग्रामीण कैलाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यदु, जिला मंत्री रामफल चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच दिनेश चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, गोलू चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, मनोहर चंद्रवंशी, परमानंद यादव उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का सम्मान सम्मेलन संपन्न



**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ सरकार अब प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित करेगी, छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार की यह अति सराहनीय पहल में से एक है जो यह दिखाता है की छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग के सम्मान, सुरक्षा उन्नति प्रगति के लिए वचन बद्ध है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका गांव, क्षेत्र व समाज के गौरव हैं, गर्भवती महिलाओं का जिस समर्पण के साथ सेवा करती हैं ये उसका ही परिणाम है की अब कुपोषित मां कुपोषित बच्चे नहीं के बराबर जन्म ले रहे हैं,छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार की अति प्रशंसनीय सम्मान समारोह के आयोजन के लिए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं नें आभार व्यक्त किया।

### शक्ति केंद्र कुण्डा में बूथ गठन अध्यक्ष बने रामनाथ

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं जिला अध्यक्ष भाजपा अशोक साहू मण्डल अध्यक्ष भाजपा कुण्डा के मार्ग दर्शन में जिले के समस्त बूथों पर बूथ इकाई गठन की प्रक्रिया प्रारंभ है, इसी कड़ी में भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केंद्र कुण्डा अंतर्गत बूथ क्र.184 का चुनाव अधिकारी संतोष चंद्रवंशी एवं सह चुनाव अधिकारी ध्वजाराम चंद्राकर ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आवश्यक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से बूथ गठन किया, जिसमें बूथ क्र.184 का बूथ अध्यक्ष रामनाथ चंद्राकर को बनाया गया।

**खेल :** त्रि-दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

# जिले में खेलकूद व लोकनृत्य प्रतियोगिता का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा जिले में पहली बार त्रि-दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। जो 22 से 24 नवंबर तक करपात्री स्टेडियम, छीरपानी मैदान एवं पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया।

जिसमें जिले के लगभग 250 प्राइवेट स्कूल व लगभग 70 स्कूल के 3000 खिलाड़ियों कें प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकुमार भट्ट, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश व प्राइवेट स्कूल अध्यक्ष अश्वनी श्रीवास इस पूरे कार्यक्रम के संयोजक एवं एसोसिएशन संरक्षक पवन देवांगन सहित एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए मशाल जलाकर खेल-कूद महाकुंभ का उदघाटन किया गया।

संयोजक पवन देवांगन ने में बताया कि यह कार्यक्रम त्रि-दिवसीय जिसमें समस्त प्राइवेट स्कूल के बच्चे भाग लिया जिसमें स्पून रेस, रिले रेस, चेस, कबड्डी, खो-खो, चेयर रेस, सिम्पल रेस एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही बताए कि कबीरधाम प्राइवेट स्कूल का गठन वर्ष 2014 में किया गया था, तब से संघ कबीरधाम जिले के बच्चों के शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास हेतु तत्पर है। जिले के प्राइवेट स्कूलो में लाखों बच्चे पढ़ रहे है और हजारो की संख्या में लोगो को रोजगार प्राप्त हो रहा है। प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने भी विभिन्न विद्याओं में जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। संघ द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं आयोजित किया जाता रहा है। संघ को हमेशा शासन का सहयोग प्राप्त होते रहा है एवं संघ भी हमेशा शासन को सहयोग प्रदान करता रहा है। करोना काल में संघ द्वारा शासन को लगभग 2.50 लाख रुपए प्रदान किया गया था जबकि उस समय स्कूल विभिन्न विपत्तियों का सामना कर रहे थे। संघ द्वारा मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।



### खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संघ को धन्यवाद दिया कि इतना वृहद कार्यक्रम इतने कम समय में कवर्धा के सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत ही अच्छा शुरुआत हैं। यह खेल कूद महाकुंभ वास्तव में प्रेरणा का केंद्र बना हैं और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्कूल की बिल्डिंग बनने से कुछ नहीं होता है, बड़ा आपका जूनून होना चाहिए। साथ ही खिलाड़ी भावना के साथ अच्छे से इस सभी गेम्स हुए इसके लिए शुभकामनाएं प्रेषित किए। इसके साथ ही एसोसिएशन द्वारा रखी गई मांगों पर पूर्णतः सहमति जताई इस किए मांगो को पूरा करने हेतु घोषणा भी किए जिसमें एसोसिएशन को एक कार्यालय हेतु भूमि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में खेल कूद के संचालक मनीष निषाद, राजा जोशी, अविनाश चौहान, अमित सहित समस्त स्कूल के खेल शिक्षको का कड़ा मेहनत रहा है, जिससे यह महाकुंभ संचालित हो पा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में उक्त समस्त अतिथियों के साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, स्कूल के डायरेक्टर्स, प्रिंसिपल एवं खेल शिक्षक और लगभग 70 स्कूल के 3000 छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# क्षेत्र में रसोईयां 50 रूपए रोजी में काम करने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

प्रदेश सहित ग्रामीण क्षेत्र में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना मध्यान भोजन अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में छात्र-छात्राओं को मध्यान भोजन बनाने के लिए स्कूलों में रसोईया नियुक्त किया गया है।

छात्र छात्राओं को मध्यान भोजन खाना बनाने के लिए शासन प्रशासन द्वारा लगभग शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1500 रूपए का मानदेय दिया जाता है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में रसोईया सुबह 10 से 4 बजें तक खाना बनाने का काम करती है वहीं खाना बनाने के साथ साथ बर्तनों को साफ सफाई करना पड़ता है। जिस पर रसोईयों को मजबूरन मात्र 50-60 रूपए रोजी में 4 घंटा काम करने मजबूर है। जिस पर रसोईयों ने शासन प्रशासन से मांग कर रसोइयों की मानदेय बढ़ाएं जाने की मांग कि गई ताकि रसोईयां अपना परिवार का पालन-पोषण कर सके।

### सारंगपुर खुर्द में गौरा-गौरी सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य जोरों पर



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम सारंगपुर खुर्द-जमुनिया में सांसद संतोष पांडेय ने गौरा-गौरी सांस्कृतिक मंच के लिए ग्राम सारंगपुर खुर्द में आदिवासी समाज को 2 लाख की लागत राशि स्वीकृति प्रदान की गई है, स्वीकृति राशि प्राप्त होते ही ग्राम पंचायत सरपंच व पंच गणों ने गौरा-गौरी सांस्कृतिक मंच भवन निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच भवन निर्माण होने के बाद आदिवासी समाज को गौरा-गौरी की मूर्ति स्थापना, सामाजिक तथा धार्मिक कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी समाज को लाभ मिलेगा। वहीं ग्राम सारंगपुर खुर्द जमुनिया में भवन निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। जिस पर आदिवासी समाज के प्रमुख दिलीप मरकाम, दुखहरण ध्रुर्वे, श्रवण ध्रुर्वे, मोहन मरकाम, लेखूराम ध्रुर्वे, शंकर ध्रुर्वे, राजू ध्रुर्वे, कार्तिक मरकाम ने गौरा-गौरी के लिए सांस्कृतिक मंच व निर्माण लागत राशि दो लाख स्वीकृति प्रदान किए जाने पर सांसद संतोष पांडेय के प्रति आदिवासी समाज ने आभार व्यक्त किया।

# पेण्ड्रीकला स्कूल परिषर में छात्र छात्राओं ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला परिषर में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र साहू एवं सरपंच ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला जलेश्वर चंद्राकर की उपस्थिति में विद्यालय परिषर पौधरोपण किया। पदाधिकारियो ने बताया कि पौधरोपण हमारे पर्यावरण व मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करता है बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। पौधरोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। साथ ही साथ बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में पौधरोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। वृक्ष हवा से कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसों को सोख लेते हैं और बदले में हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। स्वच्छ वायु स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है, प्रदूषण और धूल हवा सांस लेने में तकलीफ, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करती है लेकिन वृक्ष इन हानिकारक तत्वों को कम करके हवा को शुद्ध और स्वच्छ बनाते हैं, उन्होने पौधरोपण वह प्रक्रिया है जिसमें वृक्षों के पौधों को भूमि सुधार या भूनिर्माण उद्देश्यों के लिए रोपित किया जाता है। यदि अधिक पेड़ लगाए जाएं तो दुनिया का पर्यावरण रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान बन जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित होगा।

पेड़ लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत अधिक आवश्यक है। विद्यालय में पौधारोपण में विद्यार्थियों की भी अहम भूमिका से विद्यालय परिषर में अशोक पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, संतराम खाण्डे, प्रितम कश्यप व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### खैरबना कला में व्याख्याताओ ने चलाया मेगा पालक संपर्क जन जागरूकता अभियान



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला के प्राचार्य एनपी तिवारी और केदार राम चंद्रवंशी तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष लखन लाल पटेल की मार्गदर्शन में पालक शिक्षक मेगा संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें सभी व्याख्याता गण, पांच के समूह में बटकर खैरबना, तारो, कापा, हाथीडोब, सिंघनपुरी, व लालपुर में घरों-घर संपर्क कर अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधि और लिखित कार्य के संबंध में पालकों से विस्तृत चर्चा किया। वहीं शिक्षकों द्वारा लगातार लंबी अनुपस्थित छात्र-छात्राओं को पुनः विद्यालय लाने पर जोर दिया साथ ही साथ त्रैमासिक परीक्षा के रिजल्ट के संबंध में छात्र-छात्राओं की उपलब्धि का पालकों से विस्तार से चर्चा किया गया, अपार नंबर बनाने हेतु आधार कार्ड में संशोधन के लिए पालकों को प्रेरित किया गया वहीं भविष्य में अपार नंबर से होने वाले लाभ के संबंध में बताया गया। शिक्षकों द्वारा बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु लिखित कार्य करते हुए पढ़ाई करने छात्रों को निर्देशित किया, छात्र-छात्राओं को प्रातः 4:30 बजे जगाने हेतु पालको को बताया गया, मोबाइल का उपयोग सिर्फ पढ़ाई करने हेतु सीमित समय तक करने हेतु कहा गया। छात्र-छात्राओं को गुटका पाउच और नशीली पदार्थ से दूर रहने हिदायत दी गई, पालक संपर्क में सभी शिक्षकगणों का सराहनीय योगदान रहा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में सरकार की महत्वपूर्ण कदम**

# राज्य स्तरीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा स्थित पीजी कॉलेज मैदान इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अध्यक्षता सांसद संतोष पांडेय व विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं खेल ध्वज फहराकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से विद्या के देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय शर्मा ने कहा कि आज के समय में युवा परंपरागत खेलों से दूर होता जा रहा है, इस प्रकार के खेलों के आयोजन होने से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिल पाते हैं। अधिकांश गांवों में खेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मौका नहीं मिल पाता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रेरित करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए तथा गांव-गांव में खेलों का माहौल बनाकर उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं से युवाओं को उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। युवाओं को अपने भविष्य को लेकर एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए एवं देश के महान महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। इस दौरान युवाओं को नशे जैसी बुराइयों को त्यागकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कबड्डी संघ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश भर 20 वर्ष से कम के बालक वर्ग के 32 व बालिका वर्ग के 28 टीमों ने पंजीयन करवाया है। जिनके मध्य प्रतियोगिता संपन्न करवाए जाएंगे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**मनमानी:** लोहारीडीह मामले में पुलिस ने करीब 32 बेकसूर ग्रामीणों को संगीन धाराओं में किया था गिरफ्तार

# पुलिस कह रही माई लॉर्ड गलती हो गई, गिरफ्तार बेकसूरों को छोड़ दो

**लोहारीडीह घटना के करीब ढाई माह बाद जिला पुलिस प्रशासन ने न्यायालय में चालान पेश कर दी दलील, कहा जेल में बंद करीब 32 ग्रामीण बेकसूर हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा सहित पूरे प्रदेश में चर्चित कबीरधाम जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र का लोहारीडीह कांड एक बार फिर सुर्खियों में आने वाला है। सूत्रों की माने तो इस मामले में जल्द ही जेल में बंद करीब 29 आरोपियों की रिहाई हो सकती है। वह भी इस आधार पर कि उन्हें पुलिस ने उन्हें झूठे और बेबुनियाद अपराध में गिरफ्तार किया था।

दरअसल लोहारीडीह मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को बेकसूर बताते हुए उनकी रिहाई के संबंध में उनके परिजनो व ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों राजनांदगांव रेंज के आईजी दीपक झा से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा था। जिस पर आईजी के निर्देश पर एक पुलिस टीम ने आवेदन के आधार पर जांच की थी और फिर इस जांच की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है। जिसने अपनी जांच में यह पाया है कि वास्तव में लोहाराडीह हत्याकाण्ड व आगजनी मामले में करीब 31 लोगों की गिरफ्तारी पुलिस ने गलत ढंग से कर ली थी।

गौरतलब है कि लोहारीडीह मामले में जिला पुलिस प्रशासन ने लगभग 169 ग्रामीणों के खिलाफ अलग-अलग पांच आपराधिक मामले दर्ज कर कुल 69 लोगों की गिरफ्तारी की थी। जिसमें जिसमें 34 पुरूष तथा 33 महिलाएं शामिल हैं। इन महिला पुरूषों में 3 नाबलिग भी बताए जा रहे हैं। जिसमें से एक आरोपी प्रशांत साहू की पुलिस अभिरक्षा में मौत भी हो चुकी है।

अब आईजी साहब द्वारा गठित एसआईटी रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर यह दलील दे रही है कि माईलार्ड हमसे गलती हो गई और हमने करीब 32 लोगों को बगैर जांच पड़ताल तथा बेवजह ही गिरफ्तार कर लिया था, जिन्हें अब छोड़ दिया जाए। अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस प्रशासन की इस भूल, गलती और एक प्रकार की मनमानी के चलते बीते करीब ढाई माह से जेल में बंद रहकर सजा काट रहे इन बेकसूर ग्रामीणों पर न्यायालय क्या फैसला देती है और इस तरह की घोर लापरवाही और मनमानी के लिए जिला पुलिस प्रशासन की क्या सजा मुकर्रर करती है।

## न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं हो रहा शिवप्रसाद का रिपोस्ट मार्टम


फाईल फोटो

वहीं दूसरी तरफ रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह निवासी शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू साहू की हत्या की जांच के परिपेक्ष्य में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मृतक की बेटी लीलेश्वरी साहू की याचिका पर जमीन के नीचे दफन शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू के शव का रिपोस्टमार्टम करने का आदेश जारी किया है। लेकिन इस आदेश के जारी होने के कई दिन बीत जाने के बाद अभी भी रिपोस्ट मार्टम की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। जो अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

## प्रशांत की मौत की जांच का अता पता नहीं

लोहारीडीह काण्ड से ही जुड़े प्रशासंत साहू की पुलिस अभिरक्षा में मौत के मामले की जांच का भी अभी तक कोई अता पता नहीं है। यहां तक की अभी तक प्रशांत साहू की पीएम रिपोर्ट तक को भी सामने नहीं लाया गया है। ऐसे में लोहारीडीह मामले को लेकर अभी कई सवाल सवाल ही रह गए हैं।



# डॉ. सियाराम साहू बने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला कबीरधाम की नई प्रबंध समिति के गठन के साथ जिले में सामाजिक कल्याण और मानवता की सेवा के प्रयासों को नई दिशा मिली है। कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित इस विशेष बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं सोसाइटी के अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने की। बैठक में प्रबंध समिति के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। बैठक में पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू को सर्वसम्मति से रेडक्रॉस सोसाइटी का चेयरमैन चुना गया। इसके अलावा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी को उपाध्यक्ष और जीवन कौशिक को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया।

अनिल दानी को कोषाध्यक्ष और बालाराम साहू को रेडक्रॉस राज्य प्रबंध समिति का प्रतिनिधि चुना गया।

## समिति के गठन में दिखा टीम वर्क

निर्वाचन प्रक्रिया में संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौडो, एसडीएम आकांक्षा नायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज, सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव, समाज कल्याण उप संचालक श्रीमती अभिलाषा पांडा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और सदस्यों ने हिस्सा लिया। दौलत राम कश्यप, डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत, शीतल साहू, सुदर्शन कुर्रे, डीएस राजपूत और हरिश साहू सहित अन्य सदस्यों को भी समिति में शामिल किया गया। बैठक के समापन पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी समाज में सेवा और सहयोग का प्रतीक है, और इस समिति को इस दिशा में अनुकरणीय कार्य करना होगा। उन्होंने जिले में सामाजिक सेवा के विभिन्न कार्यों को मजबूत करने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री ने जिले की विभूतियों को दी बधाई

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के 24 वें वर्षगांठ के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले की तीन विभूतियों से मुलाकात की और उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन सम्मानित विभूतियों ने न केवल कबीरधाम बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। श्रीमती अदिति कश्यप (ग्राम पालीगुढ़ा) को वीरांगना अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार। सुश्री छोटी मेहरा (पंडरिया) को गुंडाधुर सम्मान। शिवकुमार चंद्रवंशी (ग्राम कोको) को खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार। इन सम्मानों ने कबीरधाम जिले की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है और नागरिकों को गर्व का एहसास कराया है।

### नशे के खिलाफ बच्चों को किया जागरूक

**कवर्धा।** जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीएल भूआर्य के मार्गदर्शन में, मिशन वात्सल्य टीम ने शासकीय प्राथमिक शाला नेवारी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि यह राष्ट्रीय आपातकालीन निःशुल्क सेवा उपलब्ध है, जो देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों की मदद के लिए है। कार्यक्रम में बच्चों को नशे और बाल शोषण से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के उपयोग की जानकारी दी गई।

# उपमुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से कवर्धा के विकास को मिली गति

## बिलासपुर-रायपुर मार्ग के समस्या का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों और दृढ़ संकल्प से कवर्धा शहर के विकास को नई दिशा मिली है। शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए बिलासपुर-रायपुर मार्ग की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। शहर के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। बिलासपुर-रायपुर मार्ग के नवीनीकरण, चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए सरकार ने 4 करोड़ 3 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से शहरवासियों को राहत मिलेगी और इस महत्वपूर्ण मार्ग की स्थिति में सुधार आएगा। इस स्वीकृति से न केवल इस मार्ग की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि शहरवासियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा अनुभव भी मिलेगा। यह कदम कवर्धा के विकास की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है, जो क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के साथ-साथ शहर के समग्र विकास में सहायक होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों से यह परियोजना अब धरातल पर उतरने जा रही है, जिससे क्षेत्रीय जनता को कई लाभ मिलेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा शहर के विकास के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित है। इस मार्ग के नवीनीकरण, चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए स्वीकृत 4 करोड़ 3 लाख रुपए की राशि से न केवल शहरवासियों को राहत मिलेगी, बल्कि शहर की समग्र अवसंरचना को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि शहर में यातायात की समस्याओं का समाधान करेगी और बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करेगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि कवर्धा और आसपास के क्षेत्रों में विकास की गति को और तेज किया जाए, ताकि यहाँ के लोग बेहतर सुविधाओं का लाभ उठा सकें। हम इस दिशा में लगातार काम कर रहे हैं और आने वाले समय में और भी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे, ताकि क्षेत्रीय विकास को नया दिशा मिल सके।

### शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा शहर के विकास को एक नई दिशा मिली है, जिससे शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा और सुरक्षित यात्रा का लाभ मिलेगा। बिलासपुर-रायपुर मार्ग के नवीनीकरण, चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए 4.03 करोड़ रुपए की स्वीकृति से क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क को मजबूती मिलेगी और शहरवासियों को राहत मिलेगी।

## बढ़ी ठंड के साथ सुलगने लगे अलाव...


**कवर्धा।** जिले के वनांचल ईलाकों में बढ़ी ठिठुरन, लोग तापने लगे अलाव

# गन्ना परिवहन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने गन्ना परिवहन में लगे किसानों और वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गन्ना परिवहन के दौरान ओवरलोडिंग से बचना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनता है। पुलिस अधीक्षक ने किसानों को सलाह दी कि गन्ना परिवहन के समय वे अपने वाहन को अधिक दृश्यात्मक बनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वाहनो के पीछे लाल कपड़ा या रेडियम रिफ्लेक्टर लगाना सुनिश्चित करें। इससे रात के समय या कम रोशनी में अन्य वाहन चालकों को वाहनो की पहचान करने में आसानी होगी और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। धर्मेंद्र सिंह ने गन्ना परिवहन के दौरान सख्त सुरक्षा उपाय अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। छोटी-छोटी सावधानियां बड़े हादसों को टाल सकती हैं और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं। पुलिस अधीक्षक ने किसानों और वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे गन्ना परिवहन के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करें।

## अंचल के गोपी कृष्ण सोनी हैदराबाद में सम्मानित



**कवर्धा।** बीते दिनो तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में आयोजित लोक मंथन कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम नेउर निवासी शिक्षक गोपी कृष्ण सोनी ने बैगा आदिवासी महिलों की गोदना संस्कृति पर शानदार वक्तव्य दिया। आयोजकों द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। श्री सोनी की यह उपलब्धि समूचे अंचल सहित प्रदेश को गौरवान्वित करने वाली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलंगाना सरकार द्वारा गत दिनो हैदराबाद में राष्ट्रीय लोक मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों के शोधकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम नेउर निवासी शोधकर्ता शिक्षक गोपी कृष्ण सोनी को भी ससम्मान आमंत्रित किया गया। श्री सोनी ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर बीते गुरूवार को छत्तीसगढ़ में विशेषरूप से निवासरत बैगा आदिवासी महिलाओं की आत्मा के श्रृंगार गोदना पर वक्तव्य दिया। उनके इस वक्तव्य की उपस्थित श्रोताओं ने खूब सराहा। आयोजकों ने उनकी इस शानदार प्रस्तुति पर श्री सोनी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यहां बताना लाजिमी होगा कि शिक्षक गोपीकृष्ण सोनी छत्तीसगढ़ संस्कृति के न सिर्फ अच्छे जानकार है बल्कि वे एक शानदार फोटोग्राफर भी हैं। उन्होने अपनी इस रूचि और कला के दम पर कई सम्मान प्राप्त किए हैं।




# भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी के मार्गदर्शन में, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान चलाया। यह अभियान किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत चलाया गया। अभियान के तहत अम्बेडकर चौक, महामाया मंदिर, जनपद पंचायत के पास चौपाटी, लोहारा नाका, बस स्टैंड और कवर्धा शहर के अन्य स्थानों पर बच्चों की स्थिति का सर्वेक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त टीम ने अभियान के दौरान दो बच्चों को भिक्षावृत्ति करते पाया। इन्हें रेस्क्यू कर शासकीय बालगृह में अस्थायी आश्रय प्रदान किया गया। टीम ने बच्चों को सुरक्षित जीवन और पुनर्वास के लिए आवश्यक परामर्श एवं सहायता की व्यवस्था की। इस अभियान में संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत) राजाराम चंद्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वरी धुर्वे, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक महेश कुमार निर्मलकर आदि शामिल थे।




पुलिस लाईन में किया गया संगठन, अनुशासन व तत्परता का प्रदर्शन

# जिला पुलिस बल ने की जनरल परेड व बलवा ड्रिल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



न्यू पुलिस लाइन कवर्धा में शुक्रवार को आयोजित भव्य जनरल परेड में जिले के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने अनुशासन, दक्षता और तत्परता का शानदार प्रदर्शन किया। परेड की शुरुआत पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को सलामी देकर की गई। इसके बाद, जवानों ने सटीक तालमेल और अनुशासन के साथ मार्चपास्ट किया, जो पुलिस बल की सामूहिक शक्ति और आत्मविश्वास को दर्शाता है। यह आयोजन पुलिस विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास था, जो न केवल पुलिसकर्मियों के शारीरिक फिटनेस और अनुशासन को बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि उन्हें टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का भी अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर बलवा ड्रिल रिहर्सल के दौरान, पुलिस बल ने अपनी तत्परता और रणनीतिक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हमारे पुलिस बल का असली बल हमारी अनुशासन और प्रशिक्षित कार्यशक्ति में है। ऐसे अभ्यास हमें किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम बनाते हैं। उन्होंने जवानों से अपील की कि वे नियमित अभ्यास के माध्यम से अपनी कार्यक्षमता को और बेहतर बनाए रखें। बलवा ड्रिल के दौरान कुछ क्षेत्रों में प्रतिक्रिया समय और टीम के तालमेल में सुधार की आवश्यकता महसूस हुई, जिसे पुलिस अधीक्षक ने सुधार के लिए और मेहनत करने की सलाह दी। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, उप पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह परिहार, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर और तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस प्रकार के अभ्यास को पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने और उन्हें किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने के रूप में सराहा।




